**दिनांक–06.01.2026 को अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में विद्युत विपत्रों के बकाये राशि के भुगतान हेतु अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, पटना, गया जी, सासाराम, आरा एवं छपरा तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहारशरीफ, हिलसा, नवादा, सासाराम, पटना पूर्व, आरा एवं छपरा के साथ सम्पन्न समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–**

---

1. **विद्युत विपत्रों के भुगतान की स्थितिः–**

❖ विद्युत विपत्रों के बकाये राशि की भुगतान की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि शीर्ष सात बकाया राशि वाले लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहारशरीफ, हिलसा, नवादा, सासाराम, पटना पूर्व, आरा एवं छपरा अंतर्गत दिनांक–01.09.2025 के आधार पर की गई दावा का संयुक्त सत्यापनोपरांत HGN एवं गैर HGN जलापूर्ति योजनाओं के उपभोक्ता संख्याओं के विद्युत विपत्रों का संवेदकों/एजेंसियों के माध्यम से भुगतेय कुल लंबित बकाया राशि ₹8559.78 लाख है, जिसके विरूद्ध दिनांक–05.01.2026 तक मात्र ₹1302.37 लाख का भुगतान प्रतिवेदित किया गया है।

विवरणी निम्नवत हैः–

| क्रम संख्या | प्रमंडल का नाम | दिनांक–01.09.2025 के आधार पर(HGN एवं गैर HGN जलापूर्ति योजनाओं) संयुक्त सत्यापनोपरांत कुल राशि | भुगतान अवधि दिनांक–10.11.2025 से 21.12.2025 तक | भुगतान अवधि दिनांक–22.12.2025 से 05.01.2026 तक | भुगतान हेतु शेष राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल राशि (लाख) | भुगतान की राशि (लाख) | भुगतान की राशि (लाख) | कुल राशि (लाख) |
| 1. | बिहारशरीफ | 1563.89 | 172.10 | 33.43 | 1358.36 |
| 2. | हिलसा | 1300.67 | 53.25 | 4.97 | 1242.45 |
| 3. | नवादा | 1566.27 | 197.78 | 87.86 | 1280.63 |
| 4. | सासाराम | 1503.01 | 261.26 | 39.27 | 1202.48 |
| 5. | पटना पूर्व | 1065.91 | 127.49 | 91.75 | 846.67 |
| 6. | आरा | 806.71 | 80.50 | 14.87 | 711.34 |
| 7. | छपरा | 753.32 | 129.24 | 8.60 | 615.41 |
| कुल | | 8559.78 | 1021.62 | 280.75 | 7257.41 |

पूर्व में इन सभी प्रमंडलों को निदेश दिया गया था कि दिनांक–16.01.2026 तक कुल लंबित बकाया राशि का शतप्रतिशत भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे, लेकिन भुगतान की स्थिति अभी अत्यंत ही दयनीय है। स्वतः स्पष्ट है कि उपरोक्त कार्यपालक अभियंताओं द्वारा भुगतान कराने में कोई विशेष रूचि नहीं ली जा रही है, जिससे यह प्रतीत होता है कि इनके द्वारा विद्युत विपत्रों के लंबित बकाया राशि का भुगतान निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण नहीं कराया जा सकता है। अतः बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इन सभी संबंधित कार्यपालक अभियंताओं से एवं सभी संबंधित अधीक्षण अभियंताओं से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए।

बैठक में यह भी संज्ञान में लाया गया कि उक्त कार्यपालक अभियंताओं द्वारा विद्युत विपत्र के भुगतान हेतु जो अधियाचना भेजी जाती है, प्रायः विहित प्रपत्र में शीर्षवार नहीं रहता है, जिससे आवंटन देने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतः उक्त सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि विभाग को अबतक प्रेषित सभी अधियाचनाओं को आज देर संध्या तक संबंधित नोडल पदाधिकारियों से मिलान कर समस्याओं का निराकरण करें जिससे तत्काल आवंटन मिल सके एवं विद्युत मद में यथाशीघ्र भुगतान किया जा सके। संबंधित सभी अधीक्षण अभियंता उक्त का अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः—अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव / संबंधित सभी अधीक्षण अभियंता / संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता।**

❖ अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव (मुख्यालय) द्वारा प्रशाखा पदाधिकारी —04, 06, 12 एवं 15 को निदेशित किया गया कि प्रतिदिन जो भी विद्युत विपत्र भुगतान से संबंधी अधियाचना प्राप्त होती हैं (लंबित अधियाचना सहित), उसकी विस्तृत विवरणी बनाते हुए उसमें यह उल्लेख करें कि कितनी अधियाचना किस प्रमंडल से प्राप्त हुई है और किस प्रमंडल को कितनी राशि आवंटित कर दी गई है और कितनी अधियाची राशि अभी भी लंबित है। इसका अनुश्रवण श्री दया शंकर प्रसाद, मुख्य अभियंता (दक्षिण बिहार) द्वारा किया जाएगा। उनकी यह जिम्मेवारी भी होगी कि सभी प्रशाखाओं से प्राप्त प्रतिवेदन को समेकित कर अपर सचिव को पूर्व संध्या पर उपलब्ध कराएंगे।

**अनुपालनः—मुख्य अभियंता (दक्षिण बिहार) / सभी संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी (04, 06, 12 एवं 15)।**

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

15/1

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः— 14/बैठक — 101/24 — 36 दिनांक— 15/01/26

प्रतिलिपिः— सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार / सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल / सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार / सभी सहायक यांत्रिक अभियंता—सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/1

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/बैठक–101/24–36 दिनांक– 15/01/26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आइटी मैनेजर/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/बैठक–101/24–36 दिनांक– 15/01/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव /विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)